सी एस आई आर - केन्द्रीय यांत्रिक अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
CSIR-CENTRAL MECHANICAL ENGINEERING RESEARCH INSTITUTE
वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् / Council of Scientific & Industrial Research
दुर्गापुर / Durgapur - 713 209

संख्या/No. 8/2/2021(1)-Rct. दिनांक/ Dated : 07.12.2021

# सूचना / NOTICE

विषय : सीएसआईआर-सीएमईआरआई में विज्ञापन संख्या 03/2021 के अंतर्गत वैज्ञानिक और वरिष्ठ वैज्ञानिक की भर्ती के लिए प्राप्त आवेदन।

**Sub: Applications received for recruitment of Scientist / Senior Scientist at CSIR-CMERI under Advertisement No. 03/2021.**

सीएसआईआर-सीएमईआरआई द्वारा संस्थान के विज्ञापन सं 03/2021 के आलोक में वैज्ञानिक और वरि. वैज्ञानिक की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। विज्ञापन की शर्तों के अनुसार उम्मीदवारों को संस्थान की वेबसाइट के माध्यम से 20.09.2021 के भीतर ऑनलाइन आवेदन जमा करने थे। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात उम्मीदवारों को उत्पन्न आवेदन (प्रिंट आउट) पर विधिवत हस्ताक्षर कर तथा साथ में आयु, शिक्षा, अनुभव, आवेदन शुल्क (ई-रसीद), यदि लागू हो और जाति प्रमाण पत्र, यदि लागू हो आदि के समर्थन में हस्ताक्षरित छाया प्रति इस संस्थान को भेजना था। इस संस्थान द्वारा आवेदनों की हार्ड कॉपी प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30.09.2021 थी। ध्यातव्य हो कि जिन आवेदनों की हार्ड कॉपी निर्धारित अंतिम तिथि के भीतर अर्थात दिनांक 30.09.2021 तक प्राप्त की गई है, केवल उन आवेदकों की उम्मीदवारी ही संस्थान द्वारा विचार किए जाने हैं और अन्य को अस्वीकार कर दिया जाना है। तदनुसार, इस संस्थान में प्राप्त आवेदनों की हार्ड प्रतियों का विवरण निम्नलिखित है।

This is for information of all concerned that applications were invited by CSIR-CMERI for the position of Scientists and Senior Scientists in response to the Institute Advertisement No. 03/2021 under different Post Codes. As per the stipulations of the advertisement the eligible candidates were required to submit online applications through the Institute website within 20.09.2021. Consequent upon generation of their online Application (print out) the candidates were essentially required to send the copy of print out of the application after putting their signature at appropriate place together with testimonials in support of age, education qualifications, experience, application fee (e-receipt), wherever applicable, and caste certificate, if applicable etc. to this Institute. The last date of receiving of hard copy of applications by this Institute was 30.09.2021. The candidature of only those applicants whose hard copy of applications are received within the prescribed last date i.e. within 30.09.2021 is to be considered by the Institute and others to be rejected. Accordingly, following is the particulars of the hard copies of applications received at this Institute.

| क्रम सं / Sl. No. | पद कोड / Post Code | पद का नाम / Name of the post | No. of hard copy of application received within last date (As per Annexure – I) | No. of hard copy of application received beyond the Last date as on 07.12.2021 (As per Annexure – II) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 210301 | **वैज्ञानिक / Scientist** Pay : Level 11 of Pay Matrix 67,700-2,08,700 | 308 | 27 |
| 2 | 210302 | | 379 | 33 |
| 3 | 210303 | | 501 | 38 |
| 4 | 210304 | **वरिष्ठ वैज्ञानिक / Senior Scientist** Pay : Level 12 of Pay Matrix Rs. 78,800-2,09,200 | 157 | 13 |
| 5 | 210305 | | 64 | 03 |
| 6 | 210306 | | 68 | 04 |
| 7 | 210307 | | 123 | 04 |
| 8 | 210308 | | 104 | 04 |

जिन अभ्यर्थियों के आवेदन की हार्ड कॉपी अंतिम तिथि के भीतर प्राप्त हुई है उनकी सूची अनुलग्नक - I के रूप में संलग्न है। जिन अभ्यर्थियों के आवेदन की हार्ड कॉपी अंतिम तिथि के बाद अर्थात दिनांक 30.09.2021 के बाद प्राप्त हुई है उनकी सूची अनुलग्नक - II में संलग्न है। ऑनलाइन पंजीकृत शेष अभ्यर्थियों के आवेदनों की हार्ड कॉपी संस्थान को प्राप्त नहीं हुई है।

The list of the candidates whose hard copy of application have been received within date is enclosed as Annexure – I. The list of the candidates whose hard copy of application have been received after the last date i.e. 30.09.2021 as on date is enclosed as Annexure – II. The hard copy of applications of the remaining candidates registered online have not been received by the Institute.

इसके अलावा यह पाया गया है कि अनुलग्नक - I में उल्लिखित कुछ आवेदकों के द्वारा आवेदन शुल्क निर्धारित अंतिम तिथि यानी 20.09.2021 के भीतर प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसे अभ्यर्थियों की सूची अनुलग्नक- III के रूप में संलग्न है। इस संदर्भ में, इन आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे निर्धारित अंतिम तिथि यानी 20.09.2021 तक का अपना आवेदन शुल्क जमा करने का प्रमाण संस्थान के ईमेल- recruit@cmeri.res.in पर भेज दें। उक्त आवेदन शुल्क जमा करने का उचित प्रमाण 24.12.2021 के भीतर इस संस्थान को अनिवार्य रूप से भेजा जाना चाहिए अन्यथा उनकी अभ्यर्थिता को रद्द कर दिया जाएगा।

(क्रमशः / Contd....)

संख्या/No. 8/2/2021(1)-Rct. दिनांक/ Dated : 07.12.2021

Further, it has been observed that application fee against some of applicants mentioned in **Annexure-I** have not been received within the stipulated last date i.e. 20.09.2021. The list of such candidates is enclosed as **Annexure-III**. In this context, these applicants are advised to furnish the proof of payment of requisite application fee within the prescribed last date i.e. *20.09.2021* to the Institute. ***Such valid proof of submission of their application fee must be sent to this institute within 24.12.2021 to the email*** recruit@cmeri.res.in ***failing which their candidature will be cancelled***.

ध्यातव्य हो कि निर्धारित अंतिम तिथि के भीतर प्राप्त आवेदनों (हार्ड कॉपी) जैसा कि अनुलग्नक -I मे इंगित है, को नियमानुसार जांच के लिए विधिवत गठित स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष रखा जाएगा। विज्ञापन के प्रावधानों के अनुसार, उन अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी जिनकी आवेदन की हार्ड कॉपी निर्धारित अंतिम तिथि के भीतर प्राप्त नहीं हुई है (अनुलग्नक - II) उस पर विचार नहीं किया गया है तथा इन्हे निरस्त कर दिया गया है।

It may kindly be noted that the applications (hard copy) received within the stipulated last date (Annexure – I) only would be placed before the duly constituted Screening Committee for scrutiny as per rules. As per the provisions of the advertisement the candidature of applicants whose hard copy of application has not been received within the stipulated last date or received beyond the last date (Annexure – II) has been rejected.

मौजूदा सीएसआईआर दिशानिर्देशों और विज्ञापन के अनुसार, स्क्रीनिंग के साथ-साथ चयन प्रक्रिया के दौरान उत्पाद विकास / प्रौद्योगिकी नवाचार / ट्रांसलेशनल अनुसंधान / एप्लाइड प्रौद्योगिकी आदि में अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को उचित भार दिया जाएगा।

It may be noted that as per extant CSIR guidelines and as per the advertisement, due weightage shall be given to the candidates having experience in product development / technology innovation / translational research/ Applied technology etc. during the screening as well as selection process.

इसके अलावा, यह जानकारी दी जाती है कि यदि कोई घोषणा या उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत जानकारी गलत साबित होती है या अगर उनके द्वारा किसी भी जानकारी को जानबूझ कर छुपाई गयी साबित होती है, तो उनकी उम्मीदवारी किसी भी स्तर पर निरस्त की जा सकती है तथा सेवा मे शामिल होने के बाद भी उन्हें सेवा से हटाया जा सकता है, और ऐसी अन्य कार्रवाई जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा आवश्यक समझा जाए, की जा सकती है।

Further, this is for information that if any declaration given or information furnished by candidate proves to be false or if he/she is found to have willfully suppressed any material information, his/her candidature may be cancelled at any stage and/or he/she will be liable to removal from service after joining at any stage, and such other action as may be deemed necessary may be taken by the Competent Authority.

इस विषय पर आगे की सूचना केवल संस्थान की वेबसाइट में अधिसूचित किया जाएगा। संस्थान द्वारा कोई अंतरिम पूछताछ या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। इसलिए उम्मीदवारों को संस्थान की वेबसाइट www.cmeri.res.in का नियमित अनुसरण करने की सलाह दी जाती है।

Further communication on the subject would be notified only in the Institute website. No interim enquiries or correspondence will be entertained by the Institute. Therefore, the candidates are advised to follow the Institute website www.cmeri.res.in for update.

**(जय शंकर शरण / J. S. Sharan)**
**प्रशासनिक अधिकारी/ Administrative Officer**

संलग्न/Encl.: यथोपरि/ As above

प्रतिलिपि/Copy to:

1. सभी नोटिस बोर्ड/ All Notice Boards
2. आई.टी. प्रमुख./संस्थान की वेबसाइट में सूचना के प्रकाशन के लिए: / Head IT : /For publication of the notice in the Instt. website.
3. अधिकारी प्रति/Officer copy